कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.01.2025

विषय:- दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व डी0पी0 एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त पीयूष यादव थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-008/2025 धारा 64/352/351(2) बी0एन0एस0, 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त पीयूष यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी ग्राम अजांव (टाड़) थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-09.01.2025 को समय करीब 05.45 बजे कटारी मोड़ रोड़ थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 08.01.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने शादी से पूर्व जब वह नाबालिग थी तभी से शादी करने की बात पर विपक्षी पीयूष यादव द्वारा वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी के साथ ज़बरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा शादी करने के बाद विपक्षीगणों द्वारा दहेज की मांग करने, विपक्षी के मामा द्वारा जबरदस्ती वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी से दुष्कर्म करने व गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0-008/2025 धारा 64/352/351(2) बी0एन0एस0, 3/4 पाक्सो एक्ट व ¾ डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्र0नि0 राकेश कुमार गौतम के द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

पीयूष यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी ग्राम अजांव (टाड़) थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

कटारी मोड़ रोड़ थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-09.01.2025 को समय करीब 05.45 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-008/2025 धारा 64/352/351(2) बी0एन0एस0, 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्र0नि0 राकेश कुमार गौतम थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

2- का0 आदित्य कुमार थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

3- का0 अमित सिंह थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।